पश्चिम मध्य रेल

महाप्रबंधक कार्यालय
सतर्कता शाखा,
जबलपुर

पमरे/सत.–मुख्या/सामान्य/चयन मुसनि/सनि/03/2023 दिनांकः 11.08.2023

प्रमुख विभागाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/मंडल रेल प्रबंधक/जबलपुर, भोपाल एवं कोटा/मुख्य कारखाना प्रबंधक/भोपाल एवं कोटा, अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड/भोपाल/प्रजेंटिंग ऑफीसर/रेल दावाधिकरण/भोपाल एवं महाप्रबंधक (सतर्कता)/सभी क्षेत्रीय रेलवे, उत्पादन इकाई, कोर/इलाहाबाद, मेट्रो रेलवे/कोलकाता, आर.डी.एस.ओ./लखनऊ

**अधिसूचना सं. 03/2023**

विषयः **मुख्य सतर्कता निरीक्षक एवं सतर्कता निरीक्षक (कार्मिक) एवं (यातायात), संशोधित वे.मा.रू. 9300–34800 तथा ग्रेड वेतन रु. 4600 एवं रु. 4200 के एक्स कैडर सावधिक पद को भरने हेतु चयन।**

सतर्कता शाखा/पमरे में पैनल बनाने हेतु निम्नानुसार पद के लिए अधिसूचना जारी की जा रही है। जारी की जाने वाली रिक्ति प्रोविजनल है एवं चयन के समय आवश्यकतानुसार इनमें परिवर्तन किया जा सकता है। इन एक्स–कैडर सावधिक पद को भरने हेतु योग्यता एवं अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:

| क. सं. | पद | पे बैंड एवं ग्रेड पे (6th PC के अनुसार ) | पद की संख्या | आवश्यक अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य सतर्कता निरीक्षक (कार्मिक) | 9300–34800 ग्रेड पे 4600 | 1 | कार्मिक विभाग में नियमित रूप से समान पे बैंड एवं ग्रेड पे (ग्रेड पे 4600/– में) कार्यरत कर्मचारी आवेदन के पात्र है। इन्हें समान वेतनमान पर ही लिया जायेगा अर्थात् उच्चतर ग्रेड नहीं दिया जायेगा।<br>**Note:** उक्त संवर्ग एवं समान ग्रेड पे के उपयुक्त कर्मचारी न मिलने पर इसके निचले ग्रेड पे अर्थात् ग्रेड पे 4200 में कार्यरत कर्मचारियों को भी लिया जा सकता है। लेकिन उन्हें उनके ग्रेड में (ग्रेड पे 4200/– में) ही लिया जायेगा अर्थात् उच्चतर ग्रेड पे नहीं दिया जायेगा। |
| 2 | मुख्य सतर्कता निरीक्षक–यातायात (वाण्जिय/परिचालन) | 9300–34800 ग्रेड पे 4600 | 2 | वणिज्य एवं परिचालन संवर्ग में नियमित रूप से समान पे बैंड एवं ग्रेड पे (ग्रेड पे 4600/– में) कार्यरत कर्मचारी पात्र हैं।<br>**Note:** उक्त संवर्ग एवं समान ग्रेड पे के उपयुक्त कर्मचारी न मिलने पर इसके निचले ग्रेड पे अर्थात् ग्रेड पे 4200 में कार्यरत कर्मचारियों को भी लिया जा सकता है। लेकिन उन्हें उनके ग्रेड में (ग्रेड पे 4200/– में) ही लिया जायेगा अर्थात् उच्चतर ग्रेड पे नहीं दिया जायेगा। |

**उम्मीदवारों को निम्न क से छ तक की आवश्यक अर्हता होने पर ही चयन में बुलाने योग्य माना जा सकेगा।**

क) 1. मुख्य सतर्कता निरीक्षक/सतर्कता निरीक्षक –तक. के लिए शैक्षणिक अर्हता के रुप में इंजीनियरिंग ग्रेजुएट/डिप्लोमा होल्डर होना चाहिए (सेवा रिकॉर्ड से सत्यापन पश्चात् आवेदन अग्रेषित किए जाए)।

2. मुख्य सतर्कता निरीक्षक/सतर्कता निरीक्षक –गैर तक. के लिए शैक्षणिक अर्हता के रुप में ग्रेजुएट/डिप्लोमा या उससे अधिक होना चाहिए (सेवा रिकॉर्ड से सत्यापन पश्चात् आवेदन अग्रेषित किए जाए)

ख) **दिनांक 15 सितम्बर, 2023** को रेलवे में उनकी नौकरी कम–से–कम **05** साल पूर्ण होनी चाहिए तथा **03** वर्ष की सेवा शेष भी होना चाहिए।

ग) **सतर्कता/सीबीआई के तहत सेवा के दौरान कभी भी शास्ति आरोपित न की गयी हो।**

घ) कठिन कार्यों को निष्पादित करने की दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए।

ङ) **उन्हें रेल सेवा आचरण नियम एवं रेल सेवा अनुशासन एवं अपील नियम का अच्छा ज्ञान होना चाहिए** अच्छे/उत्कृष्ट सर्विस रिकॉर्ड वाले उम्मीदवार को चयन में प्राथमिकता दी जा सकती है।

चौधुरी 11/08/2023

उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (इंजी)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
Dy. Chief Vigilance Officer (Engg)
West Central Railway, Jabalpur

जारी है.....

च) सतर्कता निरीक्षक के रूप में प.म.रे. के क्षेत्राधिकार में कहीं भी पदस्थापित किया जा सकता है (वर्तमान में सतर्कता निरीक्षक के सभी पद पमरे/मुख्यालय/जबलपुर में संचालित है)।

छ) जो उम्मीदवार कम्प्यूटर प्रशिक्षित या कम्प्यूटर का ज्ञान रखते हो एवं ठेका / निविदा की जानकारी रखते हो उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जा सकती है।

ज) उम्मीदवार का यदि कोई रिश्तेदार रेलवे में कार्यरत् हो तो उनके पदनाम आदि का विवरण देना होगा। यद्यपि यह उम्मीदवार के लिए अयोग्यता नहीं होगी, यह विवरण केवल रिकॉर्ड के लिए रखा जाएगा।

झ) सतर्कता निरीक्षक का पद सावधिक पद है लेकिन प्रशासनिक आधार पर इसकी पदावधि बढ़ाई भी जा सकती है। प्रशासन को यह भी अधिकार होगा कि बिना कोई कारण बताए निर्धारित अवधि के पहले ही कार्यरत् किसी निरीक्षक को उनके पैत्रृक विभाग को वापस भी किया जा सकता है।

ञ) सतर्कता एक एक्स–कैडर संगठन है। इसलिए, सतर्कता विभाग में पदस्थापित चयनित कर्मचारी की वरिष्ठता एवं ग्रहणाधिकार उनके पैत्रृक विभाग में जारी रहेगी।

ट) सतर्कता कार्य निरीक्षक को सतर्कता कार्यालय से बाहर की यात्रा एवं कार्य करने की आवश्यकता होती है। अतः उम्मीदवार में इसके लिए रुचि और शारीरिक फिटनेस होनी चाहिए।

ञ) **चयन के उपरांत चयनित उम्मीदवार का अस्वीकृति विकल्प (Refusal to Join Vigilance organisation) स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

**नोट – इस चयन हेतु सामान्य चयन के नियम लागू नहीं होंगे।**

**चयन प्रकिया**: उम्मीदवारों के चयन हेतु लिखित परीक्षा/मौखिक साक्षात्कार अथवा दोनों ही आयोजित किया जा सकते हैं। जिसके लिए उम्मीदवारों को यथासमय सूचित कर दिया जाएगा। कोई पूरक लिखित परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी।

**आवेदन–पत्र का प्रेषण /अंतिम तिथि**

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन पत्र अनुलग्नक–। में दिये गये प्रारूप में प्रत्येक विभाग/मण्डल/रेल ईकाई के संबंधित नियंत्रक अधिकारी द्वारा जाँचोपरांत कार्मिक विभाग में प्रेषित किया जाना चाहिए तथा कार्मिक विभाग द्वारा सभी आवेदन–पत्र बंद लिफाफे में एक बंच में **वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के नाम प्रेषित किया जाना चाहिए। सभी आवेदन **दिनांक 15.09.2023** तक या इससे पूर्व इस कार्यालय में पहुँच जाना चाहिए। **विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।**

आवेदन–पत्र भेजने से पूर्व कृप्या निम्नानुसार सुनिश्चित करें किः–

1. **आवेदन पत्र प्रारूप के सभी स्तंभ पूर्ण रूप से एवं सही भरे होने चाहिए तथा नियंत्रक अधिकारी से सत्यापित होने चाहिए। एडवांस प्रति केवल सूचनार्थ हेतु भेजी जा सकती है परंतु नियन्त्रण अधिकारी द्वारा सत्यापित समय पर प्राप्त आवेदनों पर ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। अधूरी जानकारी होने पर आवेदन रद्द कर दिया जाएगा।**
2. रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या 2017/V-1/ALSL/1/1 दिनांक 11.07.2022 के अंतर्गत जारी किए गए CVC कार्यालय के परिपत्र संख्या 020-VGL-054/502950 दिनांक 03.02.2022 के अनुसार **जो कर्मचारी पूर्व में सतर्कता विभाग में सतर्कता निरीक्षक के पद पर सतर्कता शाखा, मुख्यालय/उत्पादंन इकाई अथवा रेलवे बोर्ड कार्यालय में अन्वेषण निरीक्षक पद पर अपना निर्धारित कार्यकाल पूरा कर चुके हैं एवं कम से कम दो वर्ष की कूलिंग ऑफ अवधि अपने मूल विभाग में गुजार चुके है, वे मुख्य सतर्कता निरीक्षक/सतर्कता निरीक्षक के पद हेतु आवेदन करने के पात्र है।**

चौधुरी
11/08/2023

उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (इंजी.)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
Dy. Chief Vigilance Officer (Eng.)
West Central Railway, Jabalpur

जारी है......

3. **निर्धारित योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों का आवेदन ही अग्रेषित किया जाए।**
4. **उम्मीदवार पर सतर्कता/सीबीआई के तहत सेवा के दौरान कभी भी शास्ति आरोपित न की गयी हो।**
5. **निर्धारित तिथी के पश्चात इस कार्यालय में प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।**

Note 1. बाह्य रेलवे उम्मीदवारों को एक लिखित प्रतिज्ञा देनी होगी कि उनके चयन होने की स्थिति में उनका चयन रेलवे बोर्ड के पत्र कमांक 2016/V-I/Insp/1/3 (RBV No. 05/2016) दिनांक 27.07.2016 में जारी शर्तो के अध्याधीन होगा।

प्रत्येक विभाग/मण्डल/रेल ईकाई में इस अधिसूचना का विस्तृत प्रचार–प्रसार किया जाना चाहिए ।

संलग्नकः आवेदन पत्र का प्रारूप (अनुलग्नक– I)

1.8.23

**(संदीप जैन)**
उप मुख्य सतर्कता अधिकारी–(इंजी)
कृते वरि. उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सत. अधिकारी

प्रति– महाप्रबंधक के सचिव, महासचिव/वे.से.रे.म.सं. एवं वे.से.रे.म.यू. को सूचनार्थ।
जोनल सेल./ऑल इण्डिया एससी/एसटी एम्प्लाईज यूनि./ओबीसी एम्प्लाईज एसो., जबलपुर को सूचनार्थ।

1.8.23

**(संदीप जैन)**
उप मुख्य सतर्कता अधिकारी–(इंजी)
कृते वरि. उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सत. अधिकारी

उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (इंजी.)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
Dy. Chief Vigilance Officer (Eng.)
West Central Railway, Jabalpur

चौधुरी
11/08/2023

**मुख्य सतर्कता निरीक्षक/सतर्कता निरीक्षक पद के आवेदन–पत्र–सह– बायोडाटा**
**(समस्त कॉलम स्पष्ट रूप से भरे जाये)**

01. आवेदित पद का नाम ..........................................
02. पूरा नाम ..........................................
03. पिता का नाम ..........................................
04. पदनाम एवं कार्यस्थल ..........................................
05. विभाग ..........................................
06. भविष्य निधि संख्या ..........................................
07. नियंत्रक अधिकारी ..........................................
08. पे बैंड एवं ग्रेड पे (i) (नियमित)..........................................
(ii) एम.ए.सी.पी. (यदि प्रदान की गयी है।)..........................................
09. मूल वेतन ..........................................
10. जन्म तिथि ..........................................
11. नियुक्ति की तिथि ..........................................
12. सेवानिवृति की तिथि ..........................................
13. वर्तमान नियमित पद पर पदोन्नति की तिथि..........................................
14. शैक्षणिक योग्यता ..........................................
15. कम्प्यूटर कोर्स/प्रशिक्षण ..........................................
(क्याा कम्प्यूटर का ज्ञान है) ..........................................
16. सतर्कता/डी.ए.आर प्रकरण का पूर्ण व्योरा
(क) क्या वर्तमान में कोई DAR/SPE/VIG केस लंबित है..........................................
(ख) वर्तमान/पिछले 10 वर्ष के दौरान विभागीय/सतर्कता प्रकरणों में अधिरोपित शास्तियों का विवरण
1–..........................................
2–..........................................
3–..........................................

17. दिनांक 15.09.2023 को पूर्ण की गई रेल सेवा की कुल अवधि........................वर्ष........................माह

18. दिनांक 15.09.2023 से सेवा का शेष अवधि........................वर्ष ........................ माह

मै घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी के अनुसार पूर्ण तथ्य सत्य है एवं आवेदित पद के लिए सभी अर्हताएं पूर्ण करता हूँ एवं गलत पाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकता है तथा मेरे ऊपर DAR कार्यवाही भी की जा सकती है। मुझे यह भी ज्ञात है कि सतर्कता शाखा में चयन से 03 साल के अंदर भी यदि आवश्यकता हुई तो मुझे वापस किया जा सकता है।

..............................
उम्मीदवार के हस्ताक्षर
नाम
पदनाम

**प्रतिहस्ताक्षर**
**नियंत्रक विभागीय अधिकारी (राजपत्रित)**

कर्मचारी द्वारा भरा गया सेवा विवरण सेवा पंजिका से मिलान किया गया एवं सत्य पाया गया निर्धारित शर्ते पूर्ण करता है अतः आवेदन अग्रेषित किया जा रहा है।

चौधुरी 11/08/2023

11.8.23
उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (इंजी.)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
Dy. Chief Vigilance Officer (Eng.)
West Central Railway, Jabalpur

**कार्मिक अधिकारी का हस्ताक्षर**
**पदनाम** ......................

**मुख्य सतर्कता निरीक्षक/सतर्कता निरीक्षक पद के आवेदन–पत्र–सह– बायोडाटा (बाह्य रेलवे के उम्मीदवारों हेतु)(समस्त कॉलम स्पष्ट रूप से भरे जाये)**

1. आवेदित पद का नाम ....................................................
2. पूरा नाम ....................................................
3. पिता का नाम ....................................................
4. पदनाम एवं कार्यस्थल ....................................................
5. विभाग ....................................................
6. रेलवे ....................................................
7. भविष्य निधि संख्या ....................................................
8. नियंत्रक अधिकारी ....................................................
9. पे बैंड एवं ग्रेड पे (i) (नियमित)....................................................
   (ii) एम.ए.सी.पी. (यदि प्रदान की गयी है।)....................................................
10. मूल वेतन ....................................................
11. जन्म तिथि ....................................................
12. नियुक्ति की तिथि ....................................................
13. सेवानिवृति की तिथि ....................................................
14. वर्तमान नियमित पद पर पदोन्नति की तिथि....................................................
15. शैक्षणिक योग्यता ....................................................
16. कम्प्यूटर कोर्स/प्रशिक्षण .................................................... (क्या कम्प्यूटर का ज्ञान है) ....................
17. सतर्कता/डी.ए.आर प्रकरण का पूर्ण व्योरा
   (क) क्या वर्तमान में कोई DAR/SPE/VIG केस लंबित है....................................................
   (ख) वर्तमान/पिछले 10 वर्ष के दौरान विभागीय/सतर्कता प्रकरणों में अधिरोपित शास्तियों का विवरण
   1–....................................................
   2–....................................................
   3–....................................................
18. दिनांक 15.09.2023 को पूर्ण की गई रेल सेवा की कुल अवधि........................वर्ष........................माह
19. दिनांक 15.09.2023 से सेवा का शेष अवधि........................वर्ष ........................ माह

मै घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी के अनुसार पूर्ण तथ्य सत्य है एवं आवेदित पद के लिए सभी अर्हताएं पूर्ण करता हूँ एवं गलत पाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकता है तथा मेरे ऊपर DAR कार्यवाही भी की जा सकती है। मेरा चयन होने की स्थिति में रेलवे बोर्ड के पत्र क्रमांक 2016/V-I/Insp/1/3 (RBV No. 05/2016) दिनांक 27.07.2016 में जारी शर्तों मुझे मान्य है। मुझे यह भी ज्ञात है कि सतर्कता शाखा में चयन से 03 साल के अंदर भी यदि आवश्यकता हुई तो मुझे वापस किया जा सकता है।

..............................

उम्मीदवार के हस्ताक्षर
नाम
पदनाम

**प्रतिहस्ताक्षर**
**नियंत्रक विभागीय अधिकारी (राजपत्रित)**

कर्मचारी द्वारा भरा गया सेवा विवरण सेवा पंजिका से मिलान किया गया एवं सत्य पाया गया निर्धारित शर्ते पूर्ण करता है अतः आवेदन अग्रेषित किया जा रहा है।

**संबंधित रेलवे के कार्मिक अधिकारी का**

**हस्ताक्षर**

**पदनाम**....................

चौधुरी
11/08/2023
उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (इंजी.)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
Dy. Chief Vigilance Officer (Eng.)
West Central Railway, Jabalpur